रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127 REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, सोमवार, मई 25, 1987/ज्येष्ठ 4, 1909
No. 17] NEW DELHI, MONDAY, MAY 25, 1987/JYAISTHA 4, 1909

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

नई दिल्ली, 21 मई, 1987

सामान्य विनियमावली, 1964

सं.यू. टी. /एन. डी./ 28636 :—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 43 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाता है, अर्थात् :—

अध्याय—1

परिचय

1. संक्षिप्त नाम—इन विनियमों को भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियम, 1964 कहा जा सकेगा।

2. परिभाषाएं—इन विनियमों में, जब तक कि विषय अथवा सन्दर्भ में कोई बात विरुद्ध न हो, :—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52);

1(कक) * * * *

(ककक) "पात्र न्यास" से अभिप्रेत है—

1. हटाया गया—देखिए न्यासी बोर्ड की 4 मई, 1981 को आयोजित बैठक का अनुमोदन।

(1) कोई ऐसा न्यास, जो तत्समय किसी राज्य में प्रभावी विधि द्वारा अथवा उसके उपबन्धों के अनुसरण में सर्जित हो, अथवा

(2) कोई ऐसा न्यास, जिसकी सम्पत्ति पूर्त विन्यास अधिनियम, 1890 (1890 का अधिनियम 6) के अधीन किसी कोषपाल में निहित है, अथवा

(3) कोई ऐसा धार्मिक अथवा पूर्त न्यास, जो तत्समय धार्मिक अथवा पूर्त न्यासों के संबंध में प्रभावी किसी विधि द्वारा अथवा उसके उपबन्धों के अधीन प्रबंधित अथवा नियंत्रित अथवा पर्यवेक्षित हो, अथवा

(4) कोई अन्य न्यास, अप्रतिसंहरणीय न्यास होते हुए, जो लोक अथवा उसके किसी वर्ग के लाभ अथवा प्रयोग हेतु किसी सम्पत्ति अथवा सम्पत्तियों के विन्यास के प्रयोजन हेतु अथवा उसके संबंध में सर्जित हो, अथवा

(5) कोई ऐसा न्यास, जो ऐसी वसीयत द्वारा सर्जित है, जो वैध है तथा प्रभावी हो गई है, अथवा

(6) कोई अन्य न्यास, अप्रतिसंहरणीय न्यास होते हुए, जो लिखित रूप से लिखित द्वारा सर्जित किया गया है।

1(ककक) * * * * *

(ख) "धारा" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा;

(ग) "यूनिट ट्रस्ट" से अभिप्रेत है भारतीय यूनिट ट्रस्ट;

(घ) "न्यासी" से अभिप्रेत है भारतीय यूनिट ट्रस्ट का न्यासी;

(घ) "यूनिट स्कीम, 1964" से अभिप्रेत है वह स्कीम जो, 1 जुलाई, 1964 से प्रभावी हुई है,

(ङ) अन्य प्रयुक्त अभिव्यक्तियां, जो इन विनियमों में परिभाषित नहीं हैं, परन्तु अधिनियम में प्रयुक्त हैं, अधिनियम में उन्हें यथास्थिति नियत किये गये अर्थ रखेंगी।

अध्याय--2

3. अंशदानों की स्वीकृति--(1) बोर्ड धारा 4 की उप-धारा (2) के खण्ड (घ) के अधीन प्रस्थापित अंशदानों को या तो पूर्णतः या भागतः स्वीकार कर सकेगा, जो प्रस्थापितकर्ता अनुसूचित बैंकों, वित्तीय संस्थाओं की संख्या तथा उनके द्वारा प्रस्थापित रकमों पर निर्भर करेगा।

(2) बोर्ड का विनिश्चय, इस बारे में कि अंशदान की कोई विशिष्ट प्रस्थापना पूर्णतः अथवा भागतः स्वीकार की जायेगी अथवा नहीं स्वीकार की जायेगी, अंतिम होगा।

(3) बोर्ड की एक समिति, जिसमें अध्यक्ष, और अन्य दो न्यासियों (जिनमें से एक कार्यपालक न्यासी होगा यदि एक अध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया गया है) का समावेश होगा, गठित की जायेगी, जो स्थापि अंशदानों को स्वीकार करेगी, इस प्रकार गठित की गई समिति अभिदान स्वीकार करने के मामले में बोर्ड की सभी शक्तियों का प्रयोग करेगी।

4. अभिदाय प्रमाणपत्र का अंकित मूल्य--प्रत्येक अभिदाय प्रमाणपत्र का अंकित मूल्य पचास हजार रुपये होगा।

5. अभिदात्री संस्थाओं का रजिस्टर--धारा 5 के अधीन रखे जाने वाले अभिदात्री संस्थाओं के रजिस्टर में यूनिट ट्रस्ट उक्त धारा में उल्लिखित ब्यौरों के अतिरिक्त निम्नलिखित ब्यौरे दर्ज करेगा।

(क) अभिदात्री संस्था का पता।

(ख) धारा 4 की उपधारा (2) का खंड, जिसके अधीन अभिदात्री संस्था इस प्रकार पंजीकृत होने के लिये अर्ह है;

(ग) वह तरीका, जिसमें अभिदात्री संस्था इस प्रकार हुई, और धारा 4 की उपधारा (2) के अनुसरण में अंशदानों के मामले के सिवाय अंशदान प्रमाणपत्र के पूर्वधारक का नाम और उस अंतरिती का नाम, जिसे प्रमाणपत्र अंतरित किया गया है।

6. रजिस्टर का निरीक्षण--(1) विनियम 7 के अध्यधीन, अभिदात्री संस्थाओं का रजिस्टर अभिदात्री संस्थाओं के निःशुल्क निरीक्षण हेतु, यूनिट ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय में कारोबार के समय के दौरान खुला रहेगा, परन्तु ऐसे युक्तियुक्त निर्बंधन रहेंगे, जिन्हें यूनिट ट्रस्ट आरोपित करे तथापि कारोबार के प्रत्येक दिन दो घंटे से कम समय के लिये निरीक्षण की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(2) यदि कोई अभिदात्री संस्था अभिदात्री संस्थाओं के रजिस्टर में किसी प्रविष्टि की प्रतिलिपि हेतु आवेदन करती है, तो वह उसे प्रत्येक सौ शब्दों अथवा उसके भाग के लिये पचास पैसे की दर से संदाय करने पर प्रदान की जायेगी।

7. रजिस्टर बंद करना--बोर्ड अभिदात्री संस्थाओं का रजिस्टर विज्ञापन द्वारा नोटिस देने के बाद, ऐसी अवधियों (किसी वर्ष में कुल मिलाकर छः सप्ताहों से अधिक नहीं) के लिये बंद कर सकती है, जो इसकी राय के अनुसार आवश्यक हो।

8. अभिदाय प्रमाणपत्र संयुक्त रूप से धारित नहीं--अभिदाय प्रमाणपत्र संयुक्त रूप से धारित नहीं होगा।

9. अभिदाय प्रमाणपत्र का निर्गम--प्रत्येक अभिदाय प्रमाणपत्र भारतीय यूनिट ट्रस्ट के साधारण मुद्रांक के अधीन निर्गमित किया जायेगा और इसमें क्रम संख्या और विशिष्ट संख्या का उल्लेख होगा, तथा अंकित मूल्य विनिर्दिष्ट होगा।

10. अभिदाय प्रमाणपत्र का नवीकरण--(1) यदि कोई फटा-पुराना अथवा विरूपित अभिदाय प्रमाणपत्र नवीकरण हेतु प्रस्तुत किया जाता है, तो यूनिट ट्रस्ट उक्त अभिदाय प्रमाणपत्र के निरसन का आदेश दे सकता है और उसके बदले एक प्रमाणपत्र निर्गमित कर सकता है।

(2) यदि अभिदाय प्रमाणपत्र के खो जाने अथवा नष्ट हो जाने का अभिकथन किया जाता है, तो बोर्ड--

(क) अभिदाय प्रमाणपत्र के खोने या नष्ट होने के संबंध में संतोषजनक सामग्री जो सके वाली ऐसी साक्ष्य पेश करने;

(ख) अपेक्षित प्रतिभूति के साथ या बिना प्रतिभूति की ऐसी क्षतिपूर्ति पेश करने; और

(ग) विज्ञापन और खाने या नष्ट होने की साक्ष्य के अन्वेक्षण तथा पूर्वोक्तानुसार क्षतिपूर्ति के अपेक्षित फार्म की निर्मिति से संबंधित सभी आनुषंगिक व्यय के संदाय पर, उसके बदले में नया प्रमाणपत्र जारी कर सकेगा;

(3) इस विनियम के अधीन जारी किये जाने वाले प्रत्येक नये प्रमाणपत्र के लिये यूनिट ट्रस्ट को पांच रुपये की राशि संदत्त की जायेगी।

11. अभिदाय प्रमाणपत्र का अंतरण--(1) अधिनियम तथा इन विनियमों के प्रावधानों के अध्यधीन अभिदाय प्रमाणपत्र का प्रत्येक अंतरण निम्नलिखित रूप में लिखित रूप में होगा।

हम----------के----------रु.----------
----------(शब्दों में)----------द्वारा (इसमें इसके पश्चात् "अंतरिती" अभिप्रेत) हमें संदत्त के प्रतिफलस्वरूप एतद्द्वारा अंतरिती को भारतीय यूनिट ट्रस्ट में अभिदाय प्रमाणपत्र सं. ----------
अंतरिती, और उसके उत्तराधिकारियों और समनुदेशितियों को अधिनियम द्वारा और उसके अन्तर्गत अधिकथित शर्तों के अध्यधीन, जिन पर हम उसके निष्पादन के समय धारित करते हैं, अंतरित करते हैं, और हम, अंतरिती एतद्द्वारा उक्त अभिदाय प्रमाणपत्र लेने के लिये, उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अन्तर्गत अधिकथित शर्तों के अध्यधीन, सहमत होते हैं और हम, अंतरिती, यूनिट ट्रस्ट के रजिस्टर में, उक्त अभिदाय प्रमाणपत्र/प्रमाणपत्रों के लिये पंजीकृत किये जायें।

साक्षी के रूप में तारीख----------को हस्ताक्षर किये गये।

अंतरिती-- नाम----------
पता----------

साक्षी-- नाम----------
पता----------
उपजीविका----------

अंतरिती-- नाम----------
पता----------

साक्षी-- नाम----------
पता----------
उपजीविका----------

(2) अभिदाय प्रमाणपत्र के अंतरण की लिखत, अंतरक और अन्तरिती या उनकी ओर से ऐसा करने के लिये सम्यक् रूप से

प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा निष्पादित की जायेगी तथा बोर्ड को प्रस्तुत की जायेगी और अंतरक को ऐसे अभिदाय प्रमाणपत्र का तब तक धारक समझा जायेगा जब तक कि अंतरिती का नाम रजिस्टर में प्रविष्टि नहीं हो जाता है।

12. अंतरण-विलेख की मान्यता—(1) अंतरण की विलेख के रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन के साथ दो रुपये की फीस, जो किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जायेगी, तथा विलेख से संबंधित अभिदाय प्रमाणपत्र साथ होंगे।

(2) अभिदायी संस्था के रूप में अंतरिती को रजिस्टर में दर्ज करने के लिये अनुरोध के साथ अंतरण-विलेख की बोर्ड द्वारा प्राप्ति पर, बोर्ड अभिदायी संस्था के रूप में रजिस्ट्रीकृत किये जाने वाले अंतरिती की अर्हताओं के संबंध में ऐसी जांच करेगा, जो अपनी तुष्टि के लिये वह आवश्यक समझेगा।

13. अभिदाय की गयी राशि पर यूनिट ट्रस्ट का धारणाधिकार—यूनिट ट्रस्ट अभिदायी संस्था और इस प्रकार की अभिदायी संस्था के रूप में पंजीकृत संस्था द्वारा अभिदत्त सभी रकमों पर उक्त अभिदायी संस्था के ऋणों और देयताओं के संबंध में व्यक्तिगत रूप से अथवा किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से प्रथम धारणाधिकार रखेगा, चाहे संदाय या उनके निर्वहन का समय वास्तविक रूप में आ गया हो अथवा नहीं।

14. अभिदायी संस्था का रजिस्ट्रीकरण के लिये अर्हता-प्राप्त न रहना—(1) रजिस्ट्रीकृत अभिदायी संस्था का यह कर्तव्य होगा कि वह उसी प्रकार रजिस्ट्रीकृत रहने के लिये अर्हित न रहने पर इसकी सूचना बोर्ड को तत्काल दे दे।

(2) बोर्ड, किसी भी समय, यह अभिनिश्चित करने के लिए आवश्यक समझी जा सकने वाली ऐसी जांच के लिए कहेगा कि क्या अभिदायी संस्था के रूप में रजिस्ट्रीकृत कोई संस्था उसी तरह अर्हित नहीं रही है और ऐसी तुष्टि के बाद कि कोई ऐसी अभिदायी संस्था अर्हित नहीं रही है तो वह अभिदायी संस्था को सूचित करेगा। उक्त संस्था उसके बाद अपने द्वारा धारित अभिदाय प्रमाणपत्र के अंतरण के प्रयोजन से भिन्न रजिस्ट्रीकृत अभिदायी संस्था के अधिकारों में से किसी भी अधिकार के प्रयोग के लिए हकदार नहीं रहेगी तथा बोर्ड अभिदायी संस्थाओं के रजिस्टर में तदर्थक प्रविष्टि करेगा।

(3) यदि बोर्ड यह निष्कर्ष निकालता है कि यूनिट ट्रस्ट की पूंजी में अभिदान करने के लिए अर्हता न रखने वाली कोई संस्था असावधानता से या अन्यथा अभिदायी संस्था के रूप में रजिस्ट्रीकृत हुई है तो वह ऐसी संस्था को सूचित करेगा कि वह अपने द्वारा धारित अभिदान प्रमाणपत्र (पत्रों) के अन्तरण के प्रयोजन को छोड़कर अभिदायी संस्था के अधिकार का प्रयोग करने के लिए हकदार नहीं होगी और बोर्ड अभिदायी संस्थाओं के रजिस्टर में इस आशय की प्रविष्टि करेगा।

(4) बोर्ड का निर्णय, कि क्या कोई संस्था अभिदायी संस्था होने या न होने के लिए अर्हताप्राप्त है, निर्णायक होगा।

अध्याय-3

ट्रस्टियों का निर्वाचन

15. ट्रस्टियों के निर्वाचन की पद्धति : धारा 4 की उपधारा (2) के खंड (घ) में निर्दिष्ट अभिदायी संस्थाओं द्वारा निर्वाचित किये जाने वाले दो ट्रस्टियों का निम्नलिखित रीति से निर्वाचित किया जायेगा।

16. अभिदायी संस्थाओं की सूची : (1) धारा 10 के खंड (ङ) में उल्लिखित ट्रस्टियों के निर्वाचन के प्रयोजनार्थ धारा 4 की उपधारा (2) के खंड (घ) में निर्दिष्ट अभिदायी संस्थाओं की एक अलग सूची तैयार की जाएगी।

(2) ऐसी प्रत्येक सूची में अभिदायी संस्था के नाम, उनके रजिस्ट्री कृत पते, उनके द्वारा धारित अभिदान प्रमाणपत्रों के नंबर तथा सुभेदक नंबर, अभिदान प्रमाणपत्र रजिस्ट्रीकृत करने वालियों तथा मतों की संख्या, जिसके लिए उनमें से प्रत्येक हकदार है, जो उसके द्वारा धारित अभिदान प्रमाणपत्रों की संख्या के बराबर होगी, आदि अंतर्विष्ट होंगे तथा ऐसी सूचियों की प्रतियां, विनियम 17 के अधीन नोटिस जारी करने के समय, यूनिट ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय में आवेदन करने पर उपलब्ध होंगी।

17. नामांकन मांगने के लिए नोटिस : अध्यक्ष, धारा 4 की उप धारा (2) के खंड (घ) में निर्दिष्ट प्रत्येक अभिदायी संस्था को भेजी जाने वाली नोटिस उनसे यह अपेक्षा करते हुए भिजवाएंगे कि वह उम्मीदवारों, यदि कोई हों, जिन्हें ट्रस्टों के रूप में निर्वाचन के लिए ऐसी संस्था नामित करेगी, से संबंधित नामांकनपत्र इस तरह भेजे कि नोटिस की तारीख से इक्कीस दिनों की समाप्ति के पहले उनके पास पहुंच जायें।

18. ट्रस्टीशिप के लिए उम्मीदवारों का नामांकन : (1) बोर्ड में ट्रस्टी के रूप में निर्वाचन के लिए उम्मीदवार तब तक विधिमान्यतः नामित नहीं होगा जब तक कि निम्नलिखित अपेक्षाएं पूरी न हों :

(क) वह ट्रस्टी बनने के लिए धारा 12 के अधीन, नामांकनों की प्राप्ति के लिए अंतिम दिन को निरर्हित नहीं है;

(ख) वह धारा 4 की उपधारा (2) के खंड (घ) में निर्दिष्ट अभिदायी संस्था द्वारा नामित है;

(ग) नामांकन या तो लिखित रूप में और नामांकन करने वाली संस्था के सम्यक रूप से नियत अटर्नी द्वारा हस्ताक्षरित है अथवा उक्त संस्था के निदेशकों के संकल्प द्वारा किया गया है, तथा दूसरे मामले में ऐसी संस्था के सम्यक रूप से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सत्य प्रति के रूप में प्रमाणित संकल्प की एक प्रति यूनिट ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय को प्रेषित की जाती है (ऐसी प्रति नामांकन समझी जाती है); तथा

(घ) नामांकन पत्र, जिस पर न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, जस्टिस आफ दि पीस, एश्युरेंस के रजिस्ट्रार या उप रजिस्ट्रार (या विकास बैंक के उप महा प्रबंधक या प्रबंधक) या रिजर्व बैंक के कार्यालय का प्रबंधक या भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का एजेंट या सरकारी राजपत्रित अधिकारी के समक्ष उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित एक घोषणा कि उसे नामांकन स्वीकार है और निर्वाचन के लिए खड़े रहने के लिए वह रजामंद है और यह कि वह धारा 12 के अधीन निर्वाचन के लिए अनर्हित नहीं है।

(2) नामांकन तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि विनियम 17 के अधीन नोटिस में उल्लिखित इक्कीस दिन की अवधि समाप्त होने से पहले वह यूनिट ट्रस्ट के कार्यालय में प्राप्त नहीं हो जाता।

(3) नामांकन, नामांकन करने वाली अभिदायी संस्था के सिवाय वापस नहीं लिया जा सकेगा और उसे वापस लेना तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक कि नामांकन वापस लेने के संबंध में अभिदायी संस्था द्वारा लिखित नोटिस, नामांकन पत्रों की प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तारीख से सात दिनों की समाप्ति से पहले यूनिट ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय में प्राप्त नहीं की जाती है।

19. ट्रस्टियों के रूप में चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूचियों का प्रकाशन : (1) अध्यक्ष, नामांकन पत्रों की प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तारीख से पन्द्रह[1] दिनों की समाप्ति से पहले नामांकन पत्रों की संवीक्षा करेंगे। अध्यक्ष अपने द्वारा आवश्यक समझी जाने वाली ऐसी जांच, यदि

1 अन्तःस्थापित, देखें 3-2-1977 को बोर्ड बैठक का अनुमोदन

कोई हो तो, के बाद विनियम 18 के प्रावधानों के संबंध में अपनी तुष्टि करेंगे तथा ऐसे उम्मीदवार का नामांकन स्वीकार या अस्वीकार करेंगे और अस्वीकार के मामले में उसके लिए संक्षिप्त रूप में कारण दर्ज करेंगे। नामांकन की विधि मान्यता या अविधिमान्यता के संबंध में अध्यक्ष का निर्णय विनियम 26 के अधीन किसी संदर्भ के परिणाम के अध्यधीन तथा अन्तिम होगा।

(2) यदि विधिमान्य नामांकनों की संख्या रिक्त स्थानों की संख्या से अधिक नहीं है तो नामित उम्मीदवार या उम्मीदवारों को निर्वाचित समझा जाएगा और उसका या उनके नाम तथा पते निर्वाचित के रूप में शासकीय राजपत्र में प्रकाशित किये जायेंगे। ऐसे उम्मीदवार या उम्मीदवारों को इस तरह के प्रकाशन की तारीख को निर्वाचित समझा जायेगा।

(3) यदि विधिमान्य नामांकनों की संख्या रिक्त स्थानों की संख्या से अधिक है तो अध्यक्ष शासकीय राजपत्र तथा भारत में परिचालित कम से कम तीन समाचारपत्रों में विधिमान्यतः नामित उम्मीदवारों के नाम व पते प्रकाशित करवाएंगे तथा उस पर विनियम 20 से 25 लागू होंगे।

20. अभिदात्री संस्थाओं को भेजे जाने वाले नामांकनों और मत पत्रों की सूची : अध्यक्ष, विनियम 16 में निर्दिष्ट सूची में समाविष्ट प्रत्येक अभिदात्री संस्था को, सम्यक रूप से नामित उम्मीदवारों के नामों को दर्शाते हुए इससे उपाबद्ध अनुसूची के प्ररूप में एक मत पत्र रसीदी रजिस्ट्री डाक से अथवा प्राप्ति-स्वीकृति पर व्यक्तिगत सुपुर्दगी द्वारा भिजवाएंगे

21. प्रत्येक अभिदात्री संस्था हर उम्मीदवार के नाम के सामने उसके लिए मतों की संख्या, यदि कोई हो तो, लिखेगी तथा मत पत्र पर उल्लिखित रीति से सम्यक रूप से प्राधिकृत अपने अधिकारियों में से एक अधिकारी द्वारा मत पत्र पर हस्ताक्षर करायेगी, ऐसा हस्ताक्षर नोटरी पब्लिक, मजिस्ट्रेट या जस्टिस आफ दि पीस, एश्युरेन्स के रजिस्ट्रार या उप रजिस्ट्रार (या विकास बैंक के उप महाप्रबंधक या प्रबंधक)[1] या रिजर्व बैंक के कार्यालय के प्रबंधक या भारतीय स्टेट बैंक के कार्यालय के एजेंट या सरकारी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अपनी प्राधिकारिक मुहर के अधीन अनुप्रमाणित करते हुए होगा। अभिदात्री संस्था प्रत्येक उम्मीदवार के संबंध में अपने कुल मतों का प्रयोग कर सकेगी, जितने मतों के लिए वह हकदार है; वह उसे अपने सभी मत या उसका कोई हिस्सा दे सकेगी या नहीं दे सकेगी। एक उम्मीदवार के संबंध में प्रयोक्तव्य मत दूसरे के संबंध में प्रयोक्तव्य नहीं होंगे।

22. मत पत्र वापस लौटाने की रीति : मतपत्र रसीदी रजिस्ट्री डाक से या प्राप्ति-स्वीकृति पर व्यक्तिगत सुपुर्दगी द्वारा यूनिट ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय में वापस लौटाया जाएगा ताकि वह पत्र पर निर्दिष्ट तारीख से पहले पहुंच जाये। उक्त तारीख के बाद प्राप्त कोई भी मत पत्र अस्वीकृत किया जायगा।

23. मतों की गणना की रीति : (1) मत पत्रों को वापस लौटाने की अंतिम तिथि के बाद अध्यक्ष तीन अन्य ट्रस्टियों की उपस्थिति में मत पत्रों की परीक्षा करेंगे। वे प्रत्येक उम्मीदवार के पक्ष में डाले गये मतों की संख्या जोड़ेंगे तथा उच्चतम मत प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवारों या जहां केवल एक ही ट्रस्टी का निर्वाचन करना है वहां उच्चतम मत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित करेंगे।

(2) निर्वाचित घोषित उम्मीदवार या उम्मीदवारों के नाम भारत के राजपत्र में प्रकाशित किये जाएंगे तथा ऐसे उम्मीदवार या उम्मीदवारों को इस तरह के प्रकाशन की तारीख को निर्वाचित समझा जाएगा।

24. मतपत्र का निपटारा : अध्यक्ष तथा ट्रस्टियों द्वारा समीक्षा के बाद मत पत्रों को एक कवर में मोहरबंद किया जायेगा तथा अध्यक्ष की अभिरक्षा में रखा जाएगा अध्यक्ष निर्वाचन की घोषणा की तारीख से दस दिनों के बाद या संदेह अथवा विवाद के तय होने के बाद (विनियम 26 के अधीन यदि प्रशासन प्राप्त होता है तो) मत पत्रों को नष्ट करवाएंगे।

25. अध्यक्ष की शक्तियों का प्रयोग : इस अध्याय के पूर्ववर्ती विनियम के अधीन शक्तियों का प्रयोग, या तो कार्यपालक ट्रस्टी या अध्यक्ष द्वारा उस निमित्त प्राधिकृत किये जाने वाले अन्य ट्रस्टी द्वारा भी किया जा सकेगा।

26. निर्वाचन विवाद : (1) यदि निर्वाचित समझी गयी या घोषित की गयी व्यक्ति की अर्हता या अनर्हता अथवा अन्यथा ट्रस्टी के निर्वाचन की विधिमान्यता के संबंध में कोई संदेह अथवा विवाद उठेगा तो कोई भी हितबद्ध उम्मीदवार अथवा ऐसे निर्वाचन में मतदान के लिए हकदार अभिदात्री संस्था ऐसे निर्वाचन के परिणाम की घोषणा के सात दिनों के अन्दर बाद के अध्यक्ष को उसका लिखित रूप में प्रशासन दे सकेगी तथा उक्त प्रशासन में निर्वाचन की विधिमान्यता के संबंध में संदेह या विवाद के आधारों के विवरण दिये जायेंगे।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन प्रशासन की प्राप्ति पर अध्यक्ष ऐसे संदेह या विवाद को तत्काल समिति, जिसमें अध्यक्ष और धारा 10 के खंड (ख), (ग) और (घ) के अधीन नामित ट्रस्टियों में से कोई भी दो ट्रस्टी शामिल हैं, के निर्णय के लिए तत्काल निर्देशित करेंगे।

(3) इस उद्देश्य से नियुक्त समिति अपने द्वारा आवश्यक समझा जा सकने वाली जांच करेगी और यदि वह यह निष्कर्ष निकालती है कि उक्त निर्वाचन विधिमान्य निर्वाचन नहीं था तो ऐसा निर्वाचन अपास्त करेगी।

(4) इस विनियम के अनुसरण में समिति का निर्णय, आबद्धकर और निश्चायक होगा।

27. बोर्ड की बैठकें (1) बोर्ड की बैठकें बोर्ड के अध्यक्ष या इस निमित्त कार्य करने में उनकी असमर्थता की स्थिति में कार्यपालक ट्रस्टी, और उनके न होने पर इस निमित्त अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत किसी भी ट्रस्टी द्वारा आयोजित की जाएंगी और वे सामान्यतया यूनिट ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय में आयोजित होंगी परंतु यदि बोर्ड द्वारा निदेश दिया जाए तो भारत में किसी भी दूसरे स्थान पर आयोजित की जा सकेंगी।

(2) कोई भी तीन ट्रस्टी कारबार संबंधी मामले, जो अपनी अध्यपेक्षा में निर्दिष्ट करेंगे, के प्रयोजनार्थ बोर्ड की बैठक आयोजित करने के लिए अध्यक्ष से अपेक्षा कर सकेंगे और ऐसी अध्यपेक्षा की प्राप्ति पर अध्यक्ष पर्याप्त नोटिस देकर बोर्ड की बैठक आयोजित करेंगे परंतु इस प्रकार आयोजित की जाने वाली बैठक की तारीख अध्यपेक्षा की प्राप्ति की तारीख से इक्कीस दिन के बाद की नहीं होगी।

(3) सामान्यतया बोर्ड की प्रत्येक बैठक के लिए पूरे पंद्रह दिन की नोटिस दिया जाएगा तथा ऐसा नोटिस प्रत्येक ट्रस्टी को उसके रजिस्ट्रीकृत पते पर भेजी जाएगी। यदि आपातकालीन बैठक आयोजित करना आवश्यक पाया जाएगा तो प्रत्येक ट्रस्टी, जो उस समय भारत में है, को पर्याप्त नोटिस दी जाएगी ताकि वह बैठक में उपस्थित रह सके।

(4) बैठक जिस कामकाज के लिए आयोजित की गयी है उससे भिन्न किसी कामकाज पर, बैठक के अध्यक्ष की सम्मति तथा उपस्थित ट्रस्टियों के बहुमत के बिना और जब तक कि अध्यक्ष को लिखित रूप में उसकी एक पूर्ण सप्ताह की नोटिस नहीं दी जाती, तब तक बोर्ड की बैठक में विचार-विमर्श नहीं किया जाएगा।

(5) चार ट्रस्टी, जिसमें से एक अध्यक्ष या कार्यपालक ट्रस्टी या उप-विनियम (1) के अधीन प्राधिकृत ट्रस्टी होगा, गणपूर्ति करेंगे।

(6) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यवाही की प्रति बैठक के यथाशीघ्र बाद ट्रस्टियों को जानकारी के लिए परिचालित की जाएगी तथा प्रत्येक बैठक के कार्यवृत्तों पर उसी या अगली उत्तरवर्ती बैठक के अध्यक्ष द्वारा

---

1 अंतःस्थापित, देखें 3-2-1977 की बोर्ड बैठक का अनुमोदन

28. कार्यपालक समिति की बैठकें (i) कार्यपालक समिति की बैठक यूनिट ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय अथवा ऐसे अन्य स्थान पर, जो अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सकेगा, आयोजित की जा सकेगी। समिति के संदस्यों को पर्याप्त नोटिस दी जाएगी ताकि वे बैठक में उपस्थित रह सकें।

(ii) समिति के दो सदस्य गणपूर्ति करेंगे ।

(iii) अधिनियम के प्रावधान, और इन विनियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, कार्यपालक समिति की बैठकों में लागू होंगे, जैसे कि वे बोड की बैठकें हों ।

(iv) समिति की प्रत्येक बैठक की कार्यवाही की प्रति बैठक के यथाशीघ्र बाद सदस्यों की जानकारी के लिए परिचालित की जाएगी तथा प्रत्येक बैठक के कार्यवृत्तों पर उसी या अगली उत्तरवर्ती बैठक के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगे और बोर्ड को यथाशीघ्र प्रस्तुत किये जाएंगे।

29. अन्य समितियों की संरचना (i) यूनिट ट्रस्ट की कार्यपालक समिति से भिन्न किसी समिति की बैठकों के लिए गणपूर्ति उसकी सदस्य संख्या के एक-तिहाई (एक-तिहाई में अंतर्विष्ट किसी भाग को एक के रूप में पूर्णांकित किया जाएगा) या दो सदस्य, इन में से जो भी उच्चतर हो, होगी।

(ii) समिति के प्रत्येक सदस्य को, जब तक कि उसने धारा 34 के अधीन पहले घोषणा नहीं की है, अपने कर्तव्यों का ग्रहण करने से पहले अधिनियम की प्रथम अनुसूची में उपवर्णित प्रारूप के अनुसार विश्वस्तता और गोपनीयता की घोषणा पर हस्ताक्षर करना आवश्यक होगा ।

*30. ट्रस्टियों तथा समिति के सदस्यों का पारिश्रमिक (i) अधिनियम की धारा 16 के उपबन्धों के अध्यधीन,

(क) ट्रस्टी प्रत्येक बोर्ड बैठक, जिसमें वह उपस्थित रहता है, के लिए 250/- रुपये की फीस प्राप्त करेगा; तथा

(ख) समिति का सदस्य प्रत्येक समिति बैठक, जिसमें वह उपस्थित रहता है, के लिए 250/- रुपये की राशि प्राप्त करेगा ।

(ii) प्रत्येक ट्रस्टी तथा समिति के प्रत्येक सदस्य को उसके स्वयं के वास्तविक व्यय, यदि कोई हो तो, की प्रतिपूर्ति की जाएगी तथा प्रत्येक दिन ("दिन" का अर्थ है चौबीस घंटे की अवधि या उसका कोई भाग) के लिए 250/- रुपये का विराम भत्ता दिया जाएगा दिन की गणना ट्रस्टी या सदस्य के अपने मुख्यालय से प्रस्थान के समय से या यदि यात्रा अन्य स्थान से की जाती है तो उस स्थान से प्रस्थान के समय से की जाएगी।

परंतु यदि ट्रस्ट बैठक के दिन या दिनों के लिए होटल में आवास की व्यवस्था करता है तो ट्रस्टी या समिति का सदस्य उस अवधि के लिए अपने आनुषंगिक व्यय को पूरा करने हेतु प्रति दिन 150/- रुपये विराम भत्ता आहरित करेगा ।

(iii) ट्रस्टी या समिति के सदस्य, जो केन्द्रीय सरकार, विकास बैंक या रिजर्व बैंक का अधिकारी है, को उसके सेवा नियमों के अनुसार यात्रा और विराम भत्ते दिये जाएंगे ।

31. बिना बैठक के विधिमान्य संकल्प लिखित रूप में, बोर्ड के ट्रस्टियों के बहुमत द्वारा या जहां मामला कार्यपालक समिति से या बोर्ड द्वारा गठित किसी अन्य समिति से संबंधित है वहां ऐसी समिति के सदस्यों के बहुमत द्वारा हस्ताक्षरित संकल्प, बोर्ड, कार्यपालक समिति या अन्य समिति, जैसा भी मामला हो, द्वारा पारित संकल्प समझा जाएगा तथा अंतिम हस्ताक्षरकर्ता उस पर जिस तारीख को हस्ताक्षर करता है उस तारीख को उसे पारित किया हुआ समझा जाएगा :

परंतु पूर्वोक्त अनुसार पारित कोई प्रस्ताव बोर्ड, कार्यपालक या अन्य समिति, जैसा भी मामला हो, की अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा ।

1. परंतु यह और कि यदि कोई विसम्मत ट्रस्टी या सदस्य लिखित रूप में यह अपेक्षा करता है कि इस प्रकार पारित कोई संकल्प बोर्ड, कार्यपालक या अन्य समिति, जैसा भी मामला हो, में प्रस्तुत किया जाना चाहिए, संकल्प को तब तक प्रभावी नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसी बैठक में संकल्प पारित नहीं किया जाता है ।

1. अन्तः स्थापित, देखें 3-2-1977 की बोर्ड बैठक का अनुमोदन।

अध्याय IV

यूनिट ट्रस्ट की ओर से मतदान के अधिकार का प्रयोग

32. यूनिट ट्रस्ट की ओर से मतदान के अधिकार का प्रयोग (i) यूनिट ट्रस्ट द्वारा धारित प्रतिभूतियों से संबंधित और यूनिट ट्रस्ट द्वारा प्रयोक्तव्य मतदान अधिकार यूनिट ट्रस्ट द्वारा दिये जा सकने वाले निदेशों के अनुसार यूनिट ट्रस्ट की ओर से प्रयुक्त किये जाएंगे ।

(ii) ऐसे निदेश देते समय यूनिट ट्रस्ट यूनिटधारकों का सर्वाधित हित देखेगा ।

33. मतदान के अधिकारों का प्रयोग न किया जा सकना पूर्वगामी विनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी बोर्ड या कार्यपालक समिति, जैसा भी मामला हो, यह निदेश दे सकेगी कि मतदान के अधिकारों का पूरा अथवा कोई भाग प्रयुक्त नहीं किया जाएगा ।

34. प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा मतदान अधिकारों का प्रयोग किया जाना संबंधित संस्था के विनियमों के अध्यधीन यूनिट ट्रस्ट की ओर से मतदान अधिकारों का प्रयोग बोर्ड या कार्यपालक समिति के संकल्प द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जा सकेगा ।

35. "मतदान अधिकार" शब्द का प्रयोग इस अध्याय में प्रयुक्त "मतदान अधिकार" शब्द में केवल बैठक में या अन्यथा मत देने का अधिकार ही नहीं बल्कि व्यवस्था की किसी योजना को या किसी संकल्प को या यूनिट ट्रस्ट द्वारा धारित प्रतिभूतियों से संलग्न किन्हीं अधिकारों में कोई परिवर्तन या उनके परित्याग को सम्मति या अनुमोदन देने का अधिकार और साथ ही बैठक की अध्यपेक्षा या किसी संकल्प की नोटिस देने या किसी विवरण के परिचालन का अधिकार के अलावा कोई अन्य अधिकार जो प्रतिभूतियों से संलग्न होगा या उन्हें धारण करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा प्रयुक्त किया जा सकेगा, शामिल होंगे ।

अध्याय—IV

न्यास की नोटिसें

35क. (1) यूनिट ट्रस्ट द्वारा पात्र न्यास के सिवाय किसी अन्य न्यास की नोटिस प्राप्त नहीं होंगी।

(2) यूनिट ट्रस्ट यूनिटों में किसी पात्र न्यास के ब्याज की नोटिस प्राप्त कर सकता है अथवा किसी व्यक्ति को, जो कम्पनी या निगम के नाते भारत में बैंकिंग जो कारोबार कर रहा हो अथवा इस प्रकार किसी कम्पनी या निगम की सहायक कम्पनी अथवा व्यक्ति की, जो प्रत्येक मामले में उक्त पात्र न्यास की ओर से आवेदन करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, यूनिटों के सम्बन्ध में पात्र न्यास की ओर से व्यवहार करने तथा निपटान करने के लिए यहां इसके पश्चात दी गई शर्तों के अध्यधीन प्राधिकृत कर सकता है, अर्थात:—

(क) पात्र न्यास की ओर से आवेदन पात्र न्यास को यूनिट जारी करने का आधार होगा और यूनिट ट्रस्ट के लिए यह अपेक्षित नहीं होगा कि वह यूनिटों में निवेश सक्षम है अथवा उस न्यास के हित में है:

(ख) पात्र न्यास द्वारा यूनिटों में निवेश सम्बन्धी प्रत्येक आवेदन रू० 10,000/— से कम राशि वाले अंकित मूल्य के लिए नहीं किया जाएगा;

(3) किसी पात्र न्यास को यूनिटें जारी करने के पूर्व अथवा उसके पश्चात किसी भी समय, यूनिट ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह, अगर उसकी राय में आवश्यक और महत्वपूर्ण है, तो ऐसे दस्तावेज पेश करने लिए कह सकता है, जिनसे पात्र न्यास द्वारा यूनिटों की बिक्री पुनर्खरीद या यथास्थिति, अंतरण के लिए किए गए आवेदन पर कार्रवाई करने की सुविधा हो।

(4) यूनिटों के लिए यूनिट प्रमाणपत्र, जिसके लिए पात्र न्यास द्वारा आवेदन किया गया है, उस पात्र न्यास के नाम पर जारी किये जाएंगे।

(5) जहां यूनिट ट्रस्ट द्वारा किसी पात्र न्यास को यूनिटों अथवा उनके खरीद मूल्य अथवा अन्यथा किसी प्रकार की धनराशि देय हो, तो इस प्रकार की राशि किसी विलेख द्वारा की जाएगी, जो पात्र न्यास के पक्ष में आहरित तथा रेखित और केवल आदाता खाते के रूप में हैं चिन्हित होगा।

*अध्याय—IV-ख

यूनिटधारकों द्वारा नामांकन

35कख (1) एकमात्र यूनिटधारक या दो अथवा अधिक यूनिटधारकों द्वारा संयुक्त रूप में किये गये नामांकन इस अध्याय में विनिर्दिष्ट परिस्थितियों में तथा उस परिमाण तक यूनिट ट्रस्ट द्वारा मान्यताप्राप्त होंगे।

(2) एकमात्र यूनिटधारक या संयुक्त रूप में दो यूनिटधारक अथवा एकमात्र उत्तरजीवी यूनिटधारक या दो उत्तरजीवी यूनिटधारक जो–

(i) पदधारक के रूप में यूनिटें धारण करने; या

(ii) ट्रस्ट के लिए कार्य करने; या

(iii) यूनिटों में फायदाप्रद हित के साथ किसी अन्य व्यक्ति के लिए

कोई अन्य हैसियत में कार्य करने वाली व्यक्ति या (यों) है (हैं) वे एक या अधिक व्यक्तियों अवयस्क सहित चार से अनधिक, का नामांकन कर सकता (ते) है (हैं) जो उसकी या अपनी मृत्यु की स्थिति में यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा संदेय राशियों के लिए हकदार होगा (होंगे)।

परंतु जहां नामिती अवयस्क है, वहां यूनिटधारक नामांकन करते समय भी नामिती की आवश्यकता के दौरान यूनिटधारक की मृत्यु की स्थिति में यूनिटों के संबंध में देय राशि प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त करेगा।

स्पष्टीकरण :

नामांकन, केन्द्र या राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, पद के आधार पर अभिहित कोई व्यक्ति या धार्मिक अथवा धर्मार्थ न्यास के पक्ष में भी किया जा सकेगा।

(3) उप विनियम (2) के अधीन किया गया नामांकन तत्पश्चात् प्रतिस्थापित या रद्द किया जा सकेगा।

(4) नामांकन, नामांकन का प्रतिस्थापन या नामांकन का रद्दकरण विधिमान्य होने के लिए :

(क) उसमें प्रमाणपत्र में समाविष्ट सभी यूनिटें आती हों, और

(ख) उसे संबंधित प्रमाणपत्र के साथ ट्रस्ट को ऐसे प्ररूप में किया जाय जो ट्रस्ट द्वारा अनुमोदित की जाए।

(5) विधिमान्य नामांकन, नामांकन का प्रतिस्थापन या नामांकन का रद्दकरण ट्रस्ट द्वारा उसे प्राप्त करने की तारीख को प्रभावी समझा जाएगा। ट्रस्ट की बहियों में पंजीकरण के बाद यूनिट प्रमाणपत्र पर ट्रस्ट द्वारा उचित पृष्ठांकन लिखा जाएगा।

परंतु ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्रमाणपत्र जारी करने के पूर्व, नामांकन या नामांकन का प्रतिस्थापन या रद्दकरण उस तारीख से प्रभावी माना जाएगा, जिस तारीख को यह ट्रस्ट द्वारा प्राप्त किया गया हो और जब ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा तो तदनुसार अनुमोदित किया जाएगा।

(6) उप-विनियम (2) के अधीन किया गया नामांकन विद्यमान प्रमाणपत्र के बदले में नये प्रमाणपत्र जारी करने या ट्रस्ट के एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में प्रमाणपत्र के अंतरण से प्रभावित नहीं होगा।

(7)(i) नामांकन, यूनिटधारक के जीवनकाल के दौरान एकमात्र नामिती की मृत्यु की तारीख से रद्द समझा जाएगा तथा प्रवृत्त नहीं रहेगा।

(ii) जहां नामांकन एक से अधिक व्यक्तियों के पक्ष में है वहां यूनिटधारक (कों) की मृत्यु की स्थिति में केवल प्रथम नाम वाले नामिती को यूनिटों के संबंध में देय राशि प्राप्त करने का अधिकार होगा।

(iii) जहां प्रथम नाम वाला नामिती यूनिट धारक से पूर्वमृत है और यूनिटधारक ने नामांकन रद्द नहीं किया है या नामांकन प्रतिस्थापित नहीं किया है वहां दूसरे क्रम के नामवाला नामिती मृत यूनिटधारक के यूनिटों के संबंध में देय राशि प्राप्त करने के लिए हकदार होगा अन्य क्रमवाले नामितियों के संबंध में भी ऐसा ही होगा।

(8) यूनिटधारक द्वारा अंतरण अथवा ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद पर यूनिट प्रमाणपत्र की परिधि में आये यूनिटों के पूर्ण या कोई भाग, जो उक्त यूनिट प्रमाणपत्र से जहां तक संबंध रखता है, का नामांकन रद्द समझा जाएगा तथा ऐसे अंतरण या पुनर्खरीद की तिथि से प्रभावी नहीं रहेगा।

(9) जहां, यूनिटधारक की मृत्यु के समय, जिसने नामांकन किये हैं, नामांकन से संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र की परिधि में आये यूनिटों के पूर्ण या कोई भाग के संबंध में, नामांकन यथाविधि स्टांपित अंतरण प्रपत्र के पंजीकरण के लिए पड़ा है वहां कोई विद्यमान नामांकन के अधीन नामिती किसी अधिकार के लिए तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कि अंतरिती ट्रस्ट को लिखित रूप में यह सूचित नहीं कर देता कि वह यूनिटों को अपने नाम पर अंतरित नहीं करना चाहता है।

*35कग. जहां यूनिटधारक की मृत्यु के बाद नामांकन वैध तथा विद्यमान है वहां नामिती ऐसी मृत्यु के बाद और अपनी राय के अनुसार—

(क) एक यूनिट प्रमाणपत्र, जिसमें नामांकन से संबंधित सभी यूनिटें समाविष्ट हैं, अपने नाम जारी करने, या

(ख) ऐसे सभी यूनिटों की पुनर्खरीद कीमत, जो पुनर्खरीद की तारीख को प्रचलित यूनिटों की पुनर्खरीद कीमत के आधार पर परिकलित होगी, के लिए हकदार होगा।

परंतु जहां नामित व्यक्ति संबंधित यूनिट योजना के अधीन यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत नहीं हो सका है अथवा जहां नामिती अवयस्क है वहां यूनिटधारक की मृत्यु की स्थिति में, नामिती या यूनिटों के संबंध में राशि प्राप्त करने के लिए यूनिटधारक द्वारा नियुक्त व्यक्ति, जैसा भी मामला हो केवल पुनर्खरीद की तारीख को पुनर्खरीद कीमत के आधार पर परिकलित यूनिटों की पुनर्खरीद कीमत प्राप्त करने के लिए हकदार होगा।

*35कघ. अधिनियम या इन विनियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा नामिती को देय राशि के संदाय अथवा ऐसे संदाय के बदले में नये यूनिट जारी करने के लिए ट्रस्ट को प्रथम नाम वाले यूनिटों के कारण अपने दायित्व का वैधता से निर्वहन करना होगा।

*35कङ. (1) विनियम 35कख से 35कघ में अंतर्विष्ट प्रावधान जहां तक हो सके पुनर्निवेश प्लान, 1966, जिसके लिए यूनिट प्रमाणपत्र जारी नहीं किये जाते हैं, के अधीन आबंटित यूनिटों पर लागू होंगे। इस विनियम के प्रयोजन के लिए विनियम 35कख से 35कघ में वर्णित "यूनिट

प्रमाणपत्र" के सभी निर्देश जब तक कि संदर्भ में विरुद्ध न हो "पुनर्निवेश लेखा" के निर्देशों के रूप में लिये जाएंगे। प्रमाणपत्र के अधीन यूनिटों के संबंध में किया गया नामांकन, पुनर्निवेश अध्यादेश, 1966 के अंतर्गत आवंटित सभी यूनिटों, जो समय-समय पर यूनिटधारक के पुनर्निवेश खाते में जमा हैं, को लागू तथा विस्तारित होगा।

2. यूनिधारक की मृत्यु की स्थिति में नामिती—

(क) मृत यूनिटधारक द्वारा धारित सभी यूनिटों के संबंध में अपने नाम पर एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करने, या

(ख) ऐसे यूनिटों की खरीद मूल्य, जो पुनर्खरीद की तारीख को यूनिटों की पुनर्खरीद कीमत के आधार पर परिकलित है, के लिए हकदार होगा।

अध्याय-IV-ग

एजेंट द्वारा नामांकन

35कङ. (1) यूनिटों की बिक्री सहित कोई कारबार की याचना करने या उपाप्त करने के लिए यूनिट ट्रस्ट द्वारा एजेंट के रूप में नियुक्त व्यक्ति (इसके पश्चात् "एजेंट" कहा जाएगा) एक व्यष्टि, जो अवयस्क नहीं है अथवा एक सामाजिक या धर्मादा संस्था को नामित कर सकता है, जो एजेंट की मृत्यु की स्थिति में एजेंट को संदेय कोई कमीशन या अन्य पारिश्रमिक प्राप्त करने के लिए हकदार होगा।

(2) प्रत्येक नामांकन चाहे वह पहले किये गये या न किये गये नामांकन के स्थान पर है, यूनिट ट्रस्ट द्वारा अनुमोदित प्ररूप में होगा तथा एजेंट को देय पूर्ण कमीशन या अन्य पारिश्रमिक से संबंधित होगा।

(3) इस विनियम के अंतर्गत किया गया नामांकन किसी भी समय रद्द किया जा सकेगा। रद्दकरण ऐसे प्ररूप में होगा, जिसे यूनिट ट्रस्ट द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

(4) प्रत्येक नामांकन या रद्दकरण एजेंट को देय पूर्ण कमीशन अथवा पारिश्रमिक से संबंधित होगा।

(5) * * * *

(6) नामांकन या रद्दकरण करने के यथाशीघ्र बाद एजेंट नामांकन या रद्दकरण का संपरिवर्त प्ररूप यूनिट ट्रस्ट के कार्यालय को भेजेगा और तत्पश्चात् यूनिट ट्रस्ट नामांकन या रद्दकरण अपनी बहियों में दर्ज करेगा और तदनुसार एजेंट को सूचित करेगा।

(7) नामांकन का नामांकन या रद्दकरण तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक कि वह एजेंट की मृत्यु के पहले यहां उपबंधित अनुसार यूनिट ट्रस्ट की बहियों में पंजीकृत नहीं हो जाता है।

(8) जहां एजेंट के जीवन-काल के दौरान, नामिती, जो व्यष्टि है, मृत होता है अथवा सामाजिक या धर्मादा संस्था, जो विघटित होती है, तो नामांकन रद्द समझा जाएगा तथा मृत्यु अथवा विघटन की तारीख जैसा भी मामला हो, से प्रवृत्त नहीं रहेगा।

(9) जहां एजेंट की मृत्यु के बाद नामांकन वैध तथा विद्यमान है, वहां नामिती ऐसी मृत्यु के बाद एजेंट को देय कमीशन या अन्य पारिश्रमिक की पूरी राशि के संदाय के लिए हकदार होगा और यूनिट ट्रस्ट के लिए कोई ऐसा संदाय उक्त कमीशन या अन्य पारिश्रमिक के संबंध में अपने दायित्व का वैध निर्वहन होगा।

अध्याय V

सामान्य

36.(1)(क) यूनिट ट्रस्ट द्वारा अपनी योजनाओं में से किसी योजना के अंतर्गत जुटायी गयी निधियों से किसी निगम की प्रतिभूतियों में विनिधान, जब तक कि संबंधित योजना में अन्यथा उपबंधित न हो, उक्त निधियों की कुल राशि के पांच प्रतिशत या ऐसे निगम द्वारा निर्गमित प्रतिभूतियों और विद्यमान, इसमें से जो भी निम्नतर है, के पंद्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए।

(ख) कंपनियों के शेयरों आदि में विनिधान पर निर्बंधन नये निगमों द्वारा पुरोधृत प्रारंभिक पूंजी में ट्रस्ट द्वारा किये जाने वाले कुल विनिधान उक्त निधियों की कुल राशि के पांच प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे।

(1क) उप-विनियम (1) के अधीन निर्दिष्ट सीमाएं निम्नलिखित विनिधानों को लागू नहीं होंगी, अर्थात्—

(i) निगम द्वारा निर्गमित तथा ऐसे निगम की कोई अचल या चल संपत्ति पर प्रथम या द्वितीय प्रभार द्वारा प्रतिभूत डिबेंचरों में विनिधान, परंतु अंतिम संपरीक्षित तुलन-पत्र में दर्शाये अथवा निगम के लेखापरीक्षकों द्वारा प्रमाणित किये अनुसार ऐसी चल या अचल संपत्ति का बही मूल्य डिबेंचरों के कुल अंकित मूल्य कम से कम डेढ़ गुना अथवा बोर्ड या कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित किया जाने वाला ऐसा निम्नतर मूल्य हो तथा जिस वित्तीय वर्ष में ट्रस्ट द्वारा डिबेंचरों में विनिधान किया जाता है उसके ठीक पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के लिए निगम ने उस दर से लाभांश घोषित किया गया हो जो निगम की समादत्त शेयर पूंजी के छः प्रतिशत से कम है।

(ii) बैंक गारंटी, सरकारी गारंटी या बोर्ड अथवा कार्यपालक समिति द्वारा अवधारित की जाने वाली ऐसी अन्य गारंटी द्वारा प्रतिभूत डिबेंचरों में विनिधान।

परंतु ट्रस्ट किसी भी समय पूर्वोक्त सीमाओं पर ध्यान दिये बिना कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 81 की उपधारा (1) के खंड (क) के अधीन उसे प्रत्याभित अधिकार शेयरों में विनिधान कर सकता है।

स्पष्टीकरण : इस विनियम के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित अभिव्यक्तियों का निम्नलिखित अर्थ होगा।

(क) "निगम" का अर्थ वही होगा जो उसे कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 2(7) के अधीन समनुदेशित किया है।

(ख) "बही मूल्य" का अर्थ है, ऐसे मामलों में जहां मूल्यह्रास के लिए समायोजन नहीं किया गया है, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 की उप-धारा (2) के अनुसार परिकलित पूर्ण मूल्यह्रास की राशि घटाकर बहियों में दर्शाया गया मूल्य।

(ii) 36क. किसी योजना की निधियों से ट्रस्ट द्वारा किये जाने वाले विनिधान ऐसी सीमाओं से अधिक नहीं होंगे तथा ऐसे निबंधन एवं शर्तों जो उक्त योजना में इस निमित्त विकास बैंक के पूर्व अनुमोदन से विनिर्दिष्ट की जाएंगी, के अध्यधीन होंगे।

37. ऐसी संस्थाएं, जिनके पास निक्षेप में धन रखा जा सकेगा (1) ट्रस्ट किसी निगम अथवा सहकारी समितियों से संबंधित विधि के अधीन पंजीकृत सहकारी समिति को ऋण और अग्रिम (पूरक ऋण सहित) मंजूर कर सकता है, अथवा अग्रिम रकम जमा कर सकता है, विशेषकर ऐसी सहकारी समिति में जो किसी औद्योगिक कार्यकलाप या ऐसे ही किसी उद्देश्य में संलग्न है और ऐसी प्रतिभूति के आधार पर जो बोर्ड या कार्यपालक समिति निश्चित करे।

"परंतु यह कि किसी निगम अथवा सहकारी समिति को मंजूर किए गए ऋण अथवा उनमें जमा की गई अग्रिम राशियां विकास बैंक की पूर्व अनुमति के बगैर किसी भी समय न्यास की किसी योजना की निधियों का बीस प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।"

(2) ट्रस्ट का धन अनुसूचित बैंकों या निम्नलिखित संस्थाओं के पास निक्षेपों में रखा जा सकेगा, अर्थात्—

(i) रिजर्व बैंक,

(ii) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 3 में परिभाषित तथा जिसकी समादत्त पूंजी और मुक्त आरक्षितियां एक करोड़ रुपये से कम नहीं है ऐसी कंपनी परंतु यदि कंपनी निक्षेप की मूल राशि के प्रतिसंदाय तथा उस पर ब्याज के संदाय की गारंटी देते हुए अनुसूचित बैंक से अपर्त गारंटी प्रस्तुत करती है तो उक्त सीमा लागू नहीं होगी।

परंतु कंपनी में निक्षेपों की कुल राशि किसी भी समय ट्रस्ट की किसी योजना की निधियों के 20% से अधिक नहीं होगी।

(iii) तत्समय प्रवृत्त कोई कानून द्वारा स्थापित निगम।

(3) ट्रस्ट केन्द्रीय सरकार या रिजर्व बैंक या कोई ऐसे विदेशी सरकार या विदेशी बैंक द्वारा चालू किये गये विशेष पत्र या प्रतिभूति में बोर्ड द्वारा समय-समय पर अवधारित किये जाने वाले निबंधन एवं शर्तों के अधीन विनिधान कर सकता है।

परन्तु ऐसे विनिधान पर प्रत्यागम या तो सम होना चाहिये अथवा संबंधित काल के दौरान उसी प्रकार की प्रतिभूतियों में अपने विनिधानों में से ट्रस्ट द्वारा उपार्जित प्रत्यागम के सदृश होना चाहिये।

@@37क. अधिनियम की धारा 19ख के अनुसार दावों के प्रवर्तन के लिये ट्रस्ट द्वारा कोर्ट में किये जाने वाले आवेदन में निम्नलिखित विवरण समाविष्ट होने चाहिये, अर्थात् :—

(क) कंपनी या निगम का नाम और पता

(ख) दी गयी वित्तीय सहायता का स्वरूप और राशि

(ग) प्रभारित ब्याज-दर

(घ) कंपनी अथवा निगम द्वारा प्रस्थापित प्रतिभूति का स्वरूप और परिमाण तथा प्रतिभूति के सृजन की तारीख (तारीखें)

(ङ) बंधक या प्रभार के अध्यधीन संपत्ति के विवरण

(च) प्रतिसंदाय तथा मोचन अवधि की शर्तें

(छ) दावे की कुल राशि

(ज) आवेदन के आधार

(झ) वाद-हेतुक का स्थान

(ञ) चाही गयी राहतें

(ट) आवेदन करने के लिये ट्रस्ट के प्राधिकृत अधिकारी का नाम तथा पदनाम।

38. लेखे—बोर्ड यूनिट ट्रस्ट की आस्तियों और दायित्वों और प्राप्ति तथा व्यय का लेखा-जोखा रखवाएगा।

39. वार्षिक लेखा विवरण—यूनिट ट्रस्ट की लेखा-पुस्तकों और लेखों को हर वर्ष जून के तीसवें दिन संतुलित और बंद किया जायेगा।

परन्तु प्रथम समय के लिये लेखा-पुस्तकों तथा लेखों का संतुलन और संवरण यथा 30 जून 1965 को किया जायेगा।

39क. यूनिट ट्रस्ट के वार्षिक लेखे निम्नलिखित ढंग से तैयार किये जायेंगे तथा उपवर्णित होंगे :—

(i) इन विनियम 4 की अनुसूची "ख" के फार्म "1" (अथवा परिस्थितियों के अनुरूप उससे मिलते-जुलते) में हर वर्ष के अन्त में एक-तुलन-पत्र।

(ii) इन विनियम 1 की अनुसूची "ख" के फार्म "2" (अथवा परिस्थितियों के अनुरूप उससे मिलते-जुलते) में वर्णित वर्ष के लिये एक राजस्व लेखा।

